तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, शनिवार 20 दिसंबर 2025

10 फूटा और रोस्टेड चने में हानिकारक रंग का ...



12 भैंसगांव जसनि में ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवा और ...





## खबर संक्षेप

### नाबालिग ने फांसी लगा की खुदकुशी

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत शांतिनगर बांदे निवासी 13 वर्षीय खुशबु दत्ता ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बांदे निवासी 62 वर्षीय ठाकुर मजुमदार ने पुलिस को बताया कि 18 दिसंबर को मृतिका ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

### डूबने से बुजुर्ग की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** चौकी दमकसा अंतर्गत राउरवाही जाने वाले पुलिया के पास डूबने से दमकसा निवासी 72 वर्षीय सोमारू राम कोठारी का 17 दिसंबर को मौत हो गया। राउरवाही निवासी 22 वर्षीय विष्णु कोठारी ने पुलिस को बताया कि मृतक का मौत पानी में डूबने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान युवक की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत डोमपदर निवासी 20 वर्षीय तुलसी राम मंडावी का इलाज के दौरान सीएचसी नरहरपुर में मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक का शेष पेज 10 पर

## निरीक्षण : घायलों का दर्द सुना और परिजनों को दिया आश्वासन

# सांसद-विधायक व कलेक्टर अस्पताल पहुंचे घायलों का हाल-चाल जाना, दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

आमाबेड़ा क्षेत्र के बड़ेतेवड़ा गांव में हुई गंभीर घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। घटना में घायल ग्रामीणों के दर्द को महसूस करते हुए क्षेत्रीय विधायक आशाराम नेताम स्वयं जिला अस्पताल पहुंचे और उपचाररत घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। विधायक की इस संवेदनशील पहल ने पीड़ित परिवारों में भरोसा और राहत का संदेश दिया है।

- राजनांदगावं सांसद और विधायक आशाराम ने चिकित्सकों ने घायलों की स्थिति की ली जानकारी
- कलेक्टर ने चिकित्सकों को बेहतर इलाज करने और मानीटरिंग करने दिए निर्देश

विधायक आशाराम नेताम ने अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों से घायलों की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी ली और स्पष्ट निर्देश दिए कि इलाज में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर घायलों को उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर किया जाए, ताकि उन्हें सर्वोत्तम उपचार मिल सके। घायलों और शेष पेज 10 पर



### राजनांदगांव सांसद ने घायलों से किया संवाद

आमाबेड़ा के ग्राम बड़ेतेवड़ा में धर्मांतरण के मामले में दो पक्षो के बीच हिंसक झड़प हो गई थी, इस दौरान बहुत से लोग घायल हो गए थे, जिन्हें आमाबेड़ा अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज के अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया था, जिनका दो दिनों से इलाज जारी है। कांकेर प्रवास पर पहुँचे राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे 19 दिसंबर दिन शुक्रवार दोपहर 3 बजे मेडिकल कॉलेज के अस्पताल पहुंच कर घायलों से मुलाकात किया और चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लिया, इसके उपरांत भानुप्रतापपुर के लिए रवाना हो गए।



### कलेक्टर ने घायलों का जाना हाल

बड़ेतेवड़ा गांव में हुई घटना में घायल ग्रामीणों एवं जवानों का हालचाल जानने कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर 19 दिसंबर को मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल पहुँचे। जिला अस्पताल में उपचाररत घायलों से मुलाकात कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली तथा डॉक्टरों को बेहतर और समयबद्ध इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने घायलों और उनके परिजनों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि पीड़ितों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल करने के निर्देश भी दिए।

# पैसा दुगुना करने का झांसा ऐंठे 65 लाख, आरोपी न्यायिक रिमांड पर जेल गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

पैसा लगाइए और डेढ़ महीने में दोगुना कमाइए इसी सुनहरे सपने का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को आखिरकार भानुप्रतापपुर पुलिस ने धर दबोचा। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। आरोपी ने जैविक खाद के प्रचार की आड़ में निवेश का झांसा देकर 65 लाख से अधिक की धोखाधड़ी को अंजाम दिया था।

- जैविक खाद के प्रचार और निवेश के नाम धोखधड़ी की

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना भानुप्रतापपुर में 24 अप्रैल को कुआंपानी निवासी 32 वर्षीय कामेश्वरी नाग पिता माखनलाल नाग ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2023 में उसकी मुलाकात आरोपी विनोद कुमार से हुई थी, जो गांव-गांव जाकर जैविक खाद का प्रचार-प्रसार करता था। इसी दौरान आरोपी ने स्वयं को डब्ल्यूएफआई ट्रेड कंपनी का संचालक बताते हुए कंपनी में निवेश करने पर डेढ़ माह में रकम दोगुनी होने का दावा किया। आरोपी ने अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने और अपने खाते में पैसे जमा कराने की बात कही। उसकी बातों में आकर शिकायतकर्ता सहित कई लोगों ने निवेश किया। बाद में जब न तो रकम दोगुनी हुई और न ही पैसा वापस मिला, तब ठगी का एहसास हुआ। जांच शेष पेज 10 पर

## अव्यवस्थाओं व समस्याओं पर किसानों ने दी चेतावनी



**भानुप्रतापपुर।** केवटी धान खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाओं और किसानों की समस्याओं को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। केवटी एवं आयुष्मान लेम्प्स के अंतर्गत समस्त ग्रामों के किसान-मजदूरों ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 15 नवंबर से शासन द्वारा धान खरीदी शुरू की गई है, लेकिन लगभग 40 दिन बीतने के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ है। ज्ञापन में शेष पेज 10 पर

## महिला की मौत पर मर्ग कायम, जांच शुरू

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत पोड़गांव के पास सड़क दुर्घटना में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी मोटर सायकल वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 1584 के चालक शेष पेज 10 पर



## आंबा भवन दो वर्षों से अधूरा मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**भानुप्रतापपुर।** अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर के संज्ञान में लाया गया है कि ग्राम चौगेल के आश्रित ग्राम संजयपारा चौगेल का आंगनबाड़ी भवन पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। आरोप है कि पूर्व सरपंच शैलेन्द्र मरकाम एवं तत्कालीन सचिव सचिन केशोराम कोरेटी द्वारा मरम्मत की राशि आहरित कर ली गई, लेकिन निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं कराया गया। ग्राम चौगेल के नवनिर्वाचित शेष पेज 10 पर



# जमीन विवाद पर भैया-भाभी से मारपीट की और छोटे भाई ने दरवाजा तक तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कोटलभट्टी में जमीन के बंटवारे को लेकर उपजे पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें छोटे भाई ने बड़े भाई और भाभी के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं, जान बचाने के लिए कमरे में घुसे बड़े भाई का पीछा करते हुए आरोपी ने घर का दरवाजा तक तोड़ डाला। डरे-सहमे पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

नरहरपुर थाना अंतर्गत दुधावा चौकी क्षेत्र के ग्राम कोटलभट्टी निवासी 36 वर्षीय धनराज वट्टी पिता स्व. सुकदेव वट्टी ने पुलिस को बताया कि गांव के चौक में सायकल स्टोर का संचालन करता है। परिवार में दो भाई हैं और दोनों एक ही घर में रहते हैं। घर में लगभग 10 एकड़ जमीन है, जिसका अब तक बंटवारा नहीं हुआ है। इसी बात को लेकर उसका छोटा भाई धनाजी वट्टी आए दिन विवाद करता रहता



था और सायकल स्टोर अपने नाम करने तथा घर छोड़ने का दबाव बनाता था। पीड़ित के अनुसार 17 दिसंबर की शाम करीब 5 बजे वह एक नहावन कार्यक्रम में गया था और घर वापस लौटा तो उसका छोटा भाई शराब के नशे में उसकी पत्नी के साथ गाली-गलौज कर रहा था। विरोध करने पर आरोपी और आक्रोशित हो गया और पुराने विवादों को लेकर गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट करने लगा। मारपीट से बचने के बड़ा भाई घर के एक कमरे में घुस गया, लेकिन आरोपी शेष पेज 10 पर


# एपीएल कार्डधारकों को नहीं मिल रहा राशन, उचित मूल्य दुकान संचालक की शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

एपीएल राशन कार्डधारकों को लंबे समय से राशन नहीं मिलने का गंभीर मामला सामने आया है। शासन की जनकल्याणकारी सार्वजनिक वितरण प्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए उपभोक्ताओं ने उचित मूल्य दुकान संचालक पर नियमित रूप से राशन वितरण नहीं करने का आरोप लगाया है। इस लापरवाही से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी रोजमर्रा की जरूरतें प्रभावित हो रही हैं।

- दुकान जाने पर राशन खत्म हो गया का रटा रटाया मिलता है जवाब

पीड़ित एपीएल कार्डधारकों ने खाद्य विभाग को लिखित शिकायत सौंपते हुए बताया है कि वर्ष 2025 से अब तक उन्हें नियमित रूप से राशन का वितरण नहीं किया गया।



शिकायत में उल्लेख है कि जब भी हितग्राही राशन लेने दुकान पहुंचते हैं, तो कभी राशन समाप्त होने का बहाना बनाया जाता है, तो कभी अन्य कारण बताकर उन्हें लौटा दिया जाता है। इससे उपभोक्ताओं में आक्रोश और निराशा दोनों बढ़ती जा रही है। कार्डधारकों का कहना है कि शासन द्वारा निर्धारित मात्रा में चांवल, शक्कर एवं अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण नहीं किया जा रहा है। कई उपभोक्ताओं को संदेह शेष पेज 10 पर

## ऑनलाइन रिव्यू देने के बदले पैसे कमाने का लालच दिया

# मेडिकल छात्रा से आनलाइन 81 हजार की ठगी, जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

ऑनलाइन माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर साइबर ठगों ने शासकीय मेडिकल कॉलेज कांकेर में अध्ययनरत एक छात्रा से हजारों रुपये की ठगी कर ली। सोशल मीडिया पर मिले एक संदेश के जरिए ठगों ने आसान काम के बदले मोटी कमाई का दावा किया और धीरे-धीरे भरोसे में लेकर अलग-अलग बहानों से रकम ट्रांसफर करवा ली। पीड़िता ने जब अपनी कमाई निकालने की कोशिश की, तो और पैसों की मांग की गई। ठगी का एहसास होने पर छात्रा ने कांकेर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

थाना कांकेर में दर्ज शिकायत के अनुसार सरगुजा जिले की 22 वर्षीय रिंकी पैकरा पिता सुरेंद्र सिंह पैकरा, वर्तमान में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में अध्ययनरत हैं। रिंकी ने पुलिस को बताया कि वह टेलीग्राम एप की उपयोगकर्ता हैं। 15 दिसंबर को उन्हें एक मैसेज मिला, जिसमें घर बैठे गूगल पर रेस्टोरेंट से संबंधित ऑनलाइन रिव्यू देने के बदले पैसे कमाने का लालच दिया गया था। संपर्क करने पर पहले उनसे एक रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाया गया और शुरुआती दिनों में कुछ पैसे भी मिले, जिससे भरोसा और मजबूत हो गया। इसके बाद ठगों ने कुछ टारगेट दिए, जिनमें पहले पैसे जमा करने और लक्ष्य पूरा होने पर बोनस सहित रकम निकालने का दावा किया गया। छात्रा ने जब अपनी कमाई निकालने का प्रयास किया, तो वॉलेट अकाउंट फ्रीज होने का संदेश दिखा। ठगों से संपर्क करने पर अकाउंट अनफ्रीज करने के नाम पर और पैसे जमा करने को कहा गया। इसी तरह छोटे-छोटे और फिर बड़े अमाउंट में कुल 80 हजार 700 रुपये छात्रा से ट्रांसफर करवा लिए गए। लंबे समय तक पैसे वापस नहीं मिलने पर रिंकी को ठगी का एहसास हुआ। उन्होंने बताया कि अकाउंट अनफ्रीज करने के नाम पर उनके साथ लगातार धोखाधड़ी की गई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, जाँच जारी

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी मोबाइल नंबर 9344268057 के धारक के खिलाफ धारा 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया या मैसेज के जरिए मिलने वाले ऑनलाइन कमाई के लालच से सावधान रहें और किसी भी अनजान लिंक या व्यक्ति को पैसे ट्रांसफर न करें।




हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** – 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण** – 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण** – 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

खबर संक्षेप

## पीएम आवास योजना शहरी अंतर्गत हितग्राहियों को राशि जारी



**कोण्डागांव।** नगर पंचायत फरसगांव, जिला कोंडागांव द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और पारदर्शी भुगतान प्रणाली के तहत हितग्राहियों को अनुदान राशि सफलतापूर्वक सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी प्रणाली के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी प्रथम चरण एवं प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत निर्माणाधीन सभी आवासों में नींव, लिंटल, छत और पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होने के अनुरूप शत–प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। कुछ हितग्राहियों के आधार सीडिंग और बैंक खाता लिंकिंग में तकनीकी समस्याएँ सामने आई हैं। इनके समाधान हेतु नगर निकाय द्वारा संबंधित विभागों और बैंकों के समन्वय से निरंतर कार्य किया जा रहा है, ताकि सभी पात्र लाभार्थियों को अनुदान में किसी प्रकार की बाधा न आए।
सभी हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने का लक्ष्य नगर पंचायत फरसगांव ने स्पष्ट किया कि हितग्राही अनुदान राशि की किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से योजना का लाभ प्रदान करना निकाय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## कलेक्टर ने सीएचसी फरसगांव में जन्म–मृत्यु पंजीयन शाखा का किया निरीक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरसगांव में जन्म मृत्यु पंजीयन शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन्म पंजीयन की जानकारी ली और समयबद्ध ढंग से वितरण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पंजीयन में आ रही दिक्कतों के बारे में जाना और वितरण हेतु बचे हुए प्रमाण पत्रें को मैदानी स्तर के स्टाफ के माध्यम से संबंधित व्यक्तियों को प्रदाय करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ श्री रूपेंद्र नेताम, तहसीलदार श्री जय नाग सहित स्वास्थ विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने भ्रमण के दौरान ग्राम पांडे आठगांव में किसान विधेष कुमार प्रधान के फार्म में गुलाब की खेती कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने किसान प्रधान से चर्चा करते हुए शासन द्वारा प्राप्त वित्तीय सहायता, गुलाब की खेती की प्रक्रिया और हो रही आमदनी के बारे में जानकारी ली।

कार्रवाई : कन्फेक्शनरी उत्पादों के 5 नमूने प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए

# फूटा और रोस्टेड चने में हानिकारक रंग का उपयोग, खाद्य सुरक्षा विभाग ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा फूटे एवं रोस्टेड चने में औद्योगिक रंग औरामाईन ओ के उपयोग को लेकर जारी अलर्ट के बाद जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग ने सतत निगरानी एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर दी गई है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा छत्तीसगढ़ दीपक कुमार अग्रवाल एवं कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन कांकेर द्वारा फूटे चने के कारोबार पर लगातार नजर रखी जा रही है।

जिले के बड़े व्यापारियों के प्रतिष्ठानों पर दबिश दी गई। संदेह के आधार पर फूटे चने का स्टॉक जब्त कर औरामाईन ओ की विशेष जांच के लिए राज्य के बाहर स्थित विशेषज्ञ प्रयोगशाला भेजा गया है। इसके साथ ही कन्फेक्शनरी उत्पादों के 5 नमूने भी प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं। विभाग द्वारा यह भी जांच की जा रही है कि फूटे चने का स्टॉक कहां से मंगाया गया तथा किन-किन स्थानों पर इसका वितरण किया गया। इस संबंध में संबंधित फर्मों को नोटिस जारी किया जा रहा है। अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन सुष्मित देवांगन ने बताया कि वर्तमान जांच में जिले में फूटे चने के विनिर्माता नहीं पाए गए हैं, हालांकि जिले में छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से फूटे चने का आयात हो रहा है। जिला मुख्यालय एवं सभी विकासखंड मुख्यालयों के बड़े व्यापारियों के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर फूटे चने के निर्माण एवं विक्रय से जुड़े सभी कारोबारी विभाग की सतत निगरानी में हैं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध खाद्य पदार्थ की जानकारी तत्काल विभाग को दें। विभाग द्वारा समय-समय पर की जा रही कार्रवाई के तहत 6 खाद्य कारोबारकर्ताओं के नमूने फेल पाए जाने पर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। प्राप्त जवाब के आधार पर अग्रिम कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, बिना खाद्य लाइसेंस, पंजीयन के खाद्य कारोबार करने पर एक फर्म के विरुद्ध अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है। खाद्य पदार्थों की पैकिंग में न्यूज़पेपर के उपयोग पर भी सख्ती बरतते हुए संबंधित कारोबारकर्ताओं को नोटिस जारी कर इसे तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान धारा 55 के अंतर्गत 5 खाद्य व्यापारियों को नोटिस दिया गया है, अनुपालन न होने पर आगे कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पेसा व वनाधिकार कानून पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जिला कांकेर के मोदे पंचायत में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कई गाँव के पंच, सरपंच, वन प्रबंधन सामिति के सदस्य, महिलाएं एवं पुरुषों ने भाग लिया। अतिथियों का स्वागात आदिवासी नृत्य, गीत और महिलाओं द्वारा तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कार्यकर्ता सावित्री नागवंशी द्वारा किया गया।

आदिवासी समता मंच की अध्यक्ष इंदू नेताम ने आदिवासियों की स्थिति, उनके साथ हुए ऐताहासिक अन्याय और वनाधिकार कानून पर संबोधित किया। समन्वयक पुष्पा सिंह ने पेसा और वन प्रबंधन सामिति के क्रियान्वयन पर जानकारी दी। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पहाड़ चट्टान का मुद्दा और वन विभाग द्वारा किए जा रहे पौध रोपण पर सवाल उठाए। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष महेश पोटई ने पेसा कानून के बारे में स्थानीय भाषा में लोगों को बताया। कार्यक्रम में सरपंच मधु मांडवी, चंद्रिका कागे, बृजलाल मंडावी, विकास साहू, अजय भंडारी, मंसाराम सलाम, गजेंद्र सिंह पोटाई, ललित दरो, फूलचंद कवाची, पुनाराम कागे, हेमलता कचलाम, वेदवती सलाम, बिरजू राम सलाम, लोकेश्वरी कांगे, संतोष उसैंडी, लखन कोरैटी, प्रीतराम दरौ, नारदसिंह सलाम, विषरूराम दरो, गोवर्धन कोरोटी, सरोज कांगे, परमिला शोरी, लोकेश्ववरी कागे, बलराम कांगे, आलबेडा से फूलचंद नारेटी शामिल हुए।

## ब्लाक आयुष स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर से ग्रामीण लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. ललिता शर्मा के मार्गदर्शन में विकासखंड चारामा के ग्राम हाराडुला में एक दिवसीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत के उपसरपंच राम नारायण नेताम ने ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों के उपस्थिती में किया।

जनप्रतिनिधियों द्वारा आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक चिकित्सा और योग के महत्त्व पर प्रकाश डाला और लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील की गई। समस्त जनप्रतिनिधियों ने आयुष विभाग को निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करने पर बधाई दी। डॉ धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर शिविर प्रभारी , डा. प्रदीप राठौर ,डॉ.राहुल ठाकुर , डॉ रूपेंद्र वर्मा, डॉ दिनेश साहू, डॉ गीतिका सोनवानी, डॉ माधुरी ध्रुव, डॉ शैलेश साहू, कुलदीप धीवर, युवराज जैन, शिवेंद्र कुमार, सुशील साहू, अभिजीत भक्त, तृष्णा साहू, पुष्पलता पोया, राकेश साहू, प्रमिला गावड़े, गैद लाल दुग्गा व अन्य आयुष विभाग के कर्मचारियों एवं स्वास्थ्य विभाग के नेत्र सहायक गौचरण राम साहु, लेब टेक्निशियन दुष्यन्त मन्डावी द्वारा इस शिविर में सेवाए दी। शिविर में आयुर्वेद से 234, होम्योपैथी से 116, योगा से 102 कुल 452 ग्रामीण लाभान्वित हुए, जिसमें पुरुष 185, महिला 181, बालक 46, बालिका 40 कुल 452 लाभान्वित हुए। नेत्र जांच में 26 ग्रामीणों की गई एवं उक्त शिविर में रक्त जाँच 45 ग्रामीणों एवं 305 ग्रामीणों को काढ़ा वितरण और 315 ग्रामीणों को अकुरित अनाज वितरण किया गया।

## बैठक में किसानों ने धान खरीदी और फसल क्षतिपूर्ति पर जताया असंतोष

**सरोना।** सरोना में किसान संघ अध्यक्ष रतन सिंह वटी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण किसान बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरोना सहित आसपास के ग्रामों के किसानों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस दौरान धान खरीदी, फसल क्षति, फसल बीमा, राजीव गांधी किसान न्याय योजना सहित अनेक ज्वलंत मुद्दों पर गंभीर चर्चा की गई।

किसानों ने बताया कि इस वर्ष अतिवृष्टि एवं अन्य प्राकृतिक कारणों से उनकी फसलों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन अब तक फसल बीमा की संपूर्ण राशि एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना की बचत राशि किसानों को नहीं मिल पाई है। किसानों ने सरकार से मांग की कि उक्त दोनों राशियों का तत्काल भुगतान किया जाए। बैठक में किसानों ने धान खरीदी के दौरान आ रही कई समस्याओं को भी उठाया। किसानों का कहना है कि रकबा गोल की त्रुटि, लिमिट कम होना, टोकन कटने में परेशानी, तथा वन अधिकार पट्टाधारी किसानों को धान खरीदी से वंचित किया जाना गंभीर समस्या बन चुकी है। इसके साथ ही एग्रीटेक पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण भी किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसान संघ अध्यक्ष रतन सिंह वट्टी ने कहा कि शासन द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है, जिससे किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो किसान आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों को लेकर कांकेर जिले के समस्त ब्लॉकों के किसानों की संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। यह जिला स्तरीय किसान बैठक 21 दिसंबर रविवार को गोंडवाना भवन छपरापारा में आयोजित की जाएगी, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। बैठक में मायाराम नरेटी, द्वारका साहू, बसंत नागजी, केसरी जैन, सुरेश पटेल, महंत नरेटी, सुरेंद्र नेताम, सुखलाल शोरी, सुदामा यादव सहित सरोना ब्लॉक के किसानों ने भाग लेकर अपने विचार रखे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

## टोकन मिलिट पर किसानों में असंतोष चिखली केंद्र में धान खरीदी बेहद धीमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



शासन द्वारा धान खरीदी का लक्ष्य तो तय कर दिया गया है, लेकिन चिखली धान खरीदी केंद्र में टोकन की सीमित व्यवस्था किसानों के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। ग्राम चिखली के खरीदी केंद्र में प्रतिदिन टोकन लिमिट नहीं बढ़ाए जाने से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश और चिंता का माहौल है। किसानों का कहना है कि शासन की नीतियां कागजों तक ही सीमित रह गई हैं, जबकि जमीनी स्तर पर उनकी परेशानियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

आदिवासी समाज जिला युवा प्रभाग के जिला सचिव राजेश गोटा ने बताया कि चिखली खरीदी केंद्र में प्रतिदिन मात्र 760 क्विंटल धान की ही खरीदी हो पा रही है। जबकि क्षेत्र में इस वर्ष धान की बंपर पैदावार हुई है और धान बेचने वाले किसानों की संख्या सैकड़ों में है। इतनी कम लिमिट में खरीदी होना किसानों के लिए ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खरीदी प्रक्रिया शुरू हुए कई दिन बीत जाने के बाद भी अब तक केवल 20 से 25 किसान ही अपना धान बेच पाए हैं। शेष किसान अपने टोकन कटने का इंतजार कर रहे हैं। कई किसानों का धान अभी भी खेतों में पड़ा हुआ है, तो कुछ किसान मजबूरी में उसे घरों में असुरक्षित तरीके से संग्रहित कर रहे हैं। इससे धान के खराब होने और मौसम की अनिश्चितता का खतरा लगातार बना हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते टोकन लिमिट नहीं बढ़ाई गई, तो उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। धान खरीदी में देरी से न केवल किसानों की मेहनत पर पानी फिर सकता है, बल्कि उनके सामने रोजी-रोटी का संकट भी खड़ा हो सकता है। स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन और प्रशासन ने जल्द ही चिखली खरीदी केंद्र की टोकन लिमिट नहीं बढ़ाई, तो किसान और आदिवासी समाज आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने मांग की कि क्षेत्र की वास्तविक स्थिति को देखते हुए प्रतिदिन की खरीदी सीमा बढ़ाई जाए, ताकि सभी किसानों का धान समय पर खरीदा जा सके और उन्हें राहत मिल सके। अब देखना यह है कि प्रशासन किसानों की इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेता है, या फिर किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## हितग्राहियों के बैंक खाते में 1491.421 लाख रुपए राशि हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

नगरपालिका परिषद कांकेर द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत शहरी क्षेत्र के पात्र 696 हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य प्रारंभ की गई है। पूर्ण किए गए हितग्राहियों का मूल्यांकन के आधार पर पूर्ण किए गए हैं। उन हितग्राहियों का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से कुल 1491.421 लाख रूपए भुगतान की गई है, शेष हितग्राहियों द्वारा स्तर पूर्ण होने पर भुगतान की जाएगी। नगरपालिका परिषद कांकेर के मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत बीएलसी प्रथम चरण तथा प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत निर्माणाधीन सभी आवासों में नियमानुसार निर्माण प्रगति होने पर जैसे-जैसे नींव, लिंटल, छत एवं पूर्णता स्तर पर कार्य पूर्ण होगा, उसी के अनुरूप शत-प्रतिशत अनुदान राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हितग्राही अनुदान राशि सभी पात्र लाभार्थियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से योजना का लाभ प्रदान करना निकाय की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगरपालिका कांकेर प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से सभी के लिए आवास के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में और अधिक हितग्राहियों को पक्के आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगा।

## प्रशासनिक आदेशों को ठेंगा, पदस्थापना के बाद भी सचिवों ने नहीं संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

क्षेत्र में प्रशासनिक व्यवस्था उस समय सवालों के घेरे में आ गई जब उच्च अधिकारियों द्वारा जारी स्पष्ट आदेशों के बावजूद दो सचिव अपने पुराने स्थानों पर जमे हुए हैं। ताज्जुब की बात यह है कि 11 नवंबर को सचिव सूर्यकांत का स्थानांतरण विकासपल्ली एवं कानूलाल बैध स्वरूपनगर कर दिया गया था। नवीन पदस्थापना का आदेश जारी होने के महीनों दिन बाद भी, वे सचिव नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने को तैयार नहीं हैं।

शासन और उच्चाधिकारियों ने प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से सचिवों के प्रभार में फेरबदल किया था। नियमानुसार आदेश जारी होने के तत्काल बाद संबंधित कर्मचारियों को अपनी नवीन पदस्थापना की जगह पर ज्वाइन करना होता है, लेकिन पखांजुर क्षेत्र में स्थिति इसके विपरीत है। सचिव न केवल पुराने स्थान पर डटे हुए हैं, बल्कि आदेश की सरेआम अवहेलना कर रहे हैं। आखिर इन सचिवों को किसका संरक्षण प्राप्त है, जिसके दम पर वे उच्च अधिकारियों के लिखित आदेश को भी दरकिनार कर रहे हैं। धान खरीदी जैसे महत्वपूर्ण समय में सचिवों का अपनी मनमर्जी करना सहकारी समितियों और सरकारी कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों और जागरूक नागरिकों का कहना है, कि जब उच्चाधिकारियों के आदेशों का पालन ही नहीं होना है, तो ऐसे आदेश जारी करने का क्या औचित्य है।

इस संबंध में सीईओ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा उदय प्रकाश नाग का कहना है कि दोनों सचिवों को जिला के उच्च अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया था, मगर दोनों सचिव अपना पंचायत को छोड़ नहीं रह है, जो कि नियम के विरुद्ध है, मै इसका जानकारी उच्च अधिकारी को देता हूं।

## कोंडागांव से अयोध्याधाम के लिए तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना



**कोण्डागांव।** राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत कोंडागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार की रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। कोंडागांव नगर के अंबेडकर चौक से नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल ने रात्रि 9 बजे हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को विदा किया। श्रद्धालुओं का यह दल बस द्वारा राजनांदगांव तक की यात्र करेगा, जिसके बाद ट्रेन से अयोध्या धाम पहुंचकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करेगा।

जत्थे में शामिल श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर नजर आए। जय श्रीराम के जयघोष के साथ वातावरण भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष अनीता कोर्राम, मनोज जैन, पार्षदगण सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे और श्रद्धालुओं को शुभ यात्र की शुभकामनाएं दीं।

## पेज 9 के शेष...

### सांसद-विधायक व...

उनके परिजनों से बातचीत के दौरान विधायक ने ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस कठिन समय में शासन और प्रशासन पूरी तरह उनके साथ खड़ा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि पीड़ितों को सभी आवश्यक सरकारी सहायता एवं चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। विधायक ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि घटना की निष्पक्ष और गहन जांच की जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की हिंसा या अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से संवाद करते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की एकता ही ऐसी घटनाओं का सबसे मजबूत जवाब है। विधायक की तत्परता और मानवीय पहल से लोगों में विश्वास लौटा है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार सभी घायलों की हालत फिलहाल स्थिर है और उनका उपचार निरंतर जारी है।

### पैसा दुगुना करने...

में सामने आया कि आरोपी ने इसी तरीके से कुल 65 लाख 18 हजार 400 रुपएं की धोखाधड़ी की। शिकायत के आधार पर थाना भानुप्रतापपुर में अपराध क्रमांक दर्ज कर धारा 420 आईपीसी के तहत मामला कायम किया गया और विवेचना शुरू की गई। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख ने एक विशेष टीम गठित की और आरोपी की तलाश में पुलिस टीम को जिला बिलासपुर रवाना किया गया। बिलासपुर में पुलिस टीम को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान जिला रायगढ़ के टांडापारा निवासी 45 वर्षीय विनोद कुमार पाण्डे पिता रामकुमार पाण्डे के रूप में हुई, जो वर्तमान में राजकिशोर नगर, बिलासपुर के मकान नंबर 132 में रह रहा था। थाना भानुप्रतापपुर लाकर पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रामेश्वर प्रसाद देशमुख, उप निरीक्षक प्रेम कुमार झा, महिला प्रधान, डिलेश्वर ठाकुर, प्रणय यादव, हेमंत मरकाम एवं ओजस्वी मांडवी का विशेष योगदान रहा।

### अव्यवस्थाओं व समस्याओं...

आरोप लगाया गया है कि केवटी लेम्प्स और आयुष्मान लेम्प्स में टोकन लिमिट बढ़ाने, सी-समिति तथा किसानों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान संगठनों ने बताया कि समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर 22 दिसंबर सोमवार को केवटी धान मंडी के सामने धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। यह प्रदर्शन सुबह 11 बजे से शुरू होगा। आवेदकों ने प्रशासन से अपील की है कि किसानों की जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय लेते हुए आंदोलन की नौबत न आने दी जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि संबंधित तहसीलदार, थाना प्रभारी, जिला सहकारी अधिकारी को भी भेजी गई है।

### महिला की मौत...

ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते वाहन से नियंत्रण खो दिया। हादसे में मोटर सायकल के पीछे बैठे बिसंसिन मंडावी गिर गई, जिसके कारण उसे गंभीर चोट आया व मौत हो गया। पुलिस ने आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीआर 1584 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आंबा भवन दो...

सरपंच बिमला नेताम ने बताया कि मरम्मत की राशि पूर्व में ही निकाली जा चुकी है, वर्तमान में मूलभूत मद में कोई राशि उपलब्ध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीणों द्वारा कई बार पूर्व सचिव एवं सरपंच से आंगनबाड़ी भवन का कार्य पूर्ण कराने का आग्रह किया गया, लेकिन आज तक कार्य अधूरा है। वर्तमान स्थिति में आंगनबाड़ी शासकीय भवन में संचालित की जा रही है, जहां बिजली, पानी और शौचालय जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, जिससे छोटे बच्चों और कार्यकर्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्त ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बच्चों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संजयपारा चौगेल के आंगनबाड़ी भवन का निर्माण मरम्मत कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाए।

### जमीन विवाद पर...

छोटे भाई ने कमरे का दरवाजा तोड़ डाला। इस हमले में पीड़ित के दोनों हाथों में चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी धनाजी वट्टी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 324(2), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### एपीएल कार्डधारकों...

है कि राशन की हेराफेरी की जा रही है, क्योंकि कागजों में वितरण दिखाया जाता है, लेकिन वास्तविकता में उन्हें राशन नहीं मिलता। एपीएल कार्डधारक शासन द्वारा तय दर पर मिलने वाले राशन पर निर्भर रहते हैं और बाजार से महंगे दामों पर सामग्री खरीदना उनके लिए कठिन हो जाता है। इस संबंध में खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कार्डधारकों की शिकायत प्राप्त हो चुकी है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित उचित मूल्य दुकान संचालक के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### इलाज के दौरान...

स्वास्थ्य खराब होने के कारण अस्पताल में भर्ती किया था। इलाज के दौरान 18 दिसंबर को दोपहर ढाई बजें मौत हो गया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### नये कलेक्टर ने किया पदभार ग्रहण



**सुकमा।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर अमित कुमार ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय में अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2019 बैच के अधिकारी अमित कुमार पूर्व में आयुक्त नगर पालिक निगम बिलासपुर के रूप में पदस्थ रहे। इसके साथ ही कार्यभार ग्रहण के उपरांत सभाकक्ष में सभी जिला प्रमुख अधिकारियों से परिचयात्मक जानकारी लेकर उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से अपेक्षा व्यक्त की कि उन्हें सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता एवं सेवा भाव के साथ करें। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करना हम सभी का मूल कर्तव्य है। प्रत्येक योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर जिला पंचायत सुकमा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर, तहसीलदार सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### नकल रोकने उड़नदस्ता दल गठित

**जगदलपुर।** व्यापमं द्वारा 21 दिसंबर को आयोजित की जाने वाली केमिस्ट भर्ती परीक्षा में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिसके लिए एक विशेष उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। तीन सदस्यीय दल में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को शामिल किया गया है। इसमें जगदलपुर नायब तहसीलदार डोमन लाल, भू-अभिलेख के सहायक अधीक्षक ब्रजभूषण देवांगन और रक्षित केन्द्र जगदलपुर के सहायक उप निरीक्षक संजय नंद शामिल हैं।

# सघन निरीक्षण में कोई कमी नहीं मिलने पर ली गई राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

लंबे समय बाद आरपीएफ के आईजी के जगदलपुर आगमन की सूचना मिलते ही पूरे रेल सुरक्षा बल महकमे में हड़कंप की स्थिति बन गई। 18 और 19 दिसंबर को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर आरपीएफ के आईजी आलोक बोरा भुवनेश्वर से जगदलपुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर आरपीएफ की सभी इकाइयों में सतर्कता बढ़ा दी गई थी। हालांकि निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कमी-खामी नहीं मिलने से अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली।

आईजी आलोक बोरा 18 दिसंबर को पूर्वान्ह हिराखण्ड एक्सप्रेस से जगदलपुर पहुंचे। उनके साथ विशाखापत्तनम के सीनियर डिवीजन कमांडेंट अजय प्रकाश भी मौजूद थे। जगदलपुर पहुंचने के तुरंत बाद आईजी बोरा ने जगदलपुर, दंतेवाड़ा और किरंदुल स्थित आरपीएफ चौकियों का विस्तृत निरीक्षण प्रारंभ किया। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड रजिस्टर, कार्यालयीन कार्यप्रणाली,भोजन व्यवस्था,बैरक,जगदलपुर आरपीएफ प्रशिक्षण केंद्र तथा जगदलपुर रेलवे स्टेशन सहित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं की गहनता से जांच की गई।

आरपीएफ सूत्रों के अनुसार,निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं,जिससे महकमे के अधिकारियों और जवानों में आत्मविश्वास दिखाई दिया। दो दिवसीय निरीक्षण कार्यक्रम के समापन के बाद आईजी आलोक बोरा एवं सीनियर डिवीजन कमांडेंट अजय प्रकाश शुक्रवार को हिराखण्ड एक्सप्रेस से रेल जोन मुख्यालय भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गए। उनके प्रस्थान के बाद जगदलपुर आरपीएफ के अधिकारियों और जवानों ने राहत की सांस ली,क्योंकि लंबे समय बाद हुए इस सघन निरीक्षण में किसी भी तरह की बड़ी कमी सामने नहीं आई।

**लंबे समय बाद आरपीएफ के किसी प्रमुख आईजी का जगदलपुर दौरा**



**सुरक्षा व्यवस्था का आकलन**

निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जगदलपुर आरपीएफ पोस्ट इंचार्ज प्रवीण कुमार भी मौजूद रहे। आईजी ने अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधे संवाद कर प्रशासनिक एवं परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। इकाइयों में अनुशासन, स्वच्छता,रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ बिंदुओं पर सुधारात्मक सुझाव देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश मौके पर ही जारी किए गए तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को समयबद्ध अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## सुनियोजित हिंसा का आरोप, बंग समाज देशभर में आहत

# मलकानगिरी में सुनियोजित आगजनी से 265 परिवार उजड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- सीबीआई जांच और शत-प्रतिशत मुआवजे की उठी मांग
- बस्तर में बंग समाज ने जताया आक्रोश, ओडिशा सरकार पर फौरी राहत देने का आरोप

छत्तीसगढ़ के बस्तर से सटे ओडिशा के मलकानगिरी जिले के अधनिस्थ ग्राम एमव्ही 26 में घटित भीषण आगजनी की घटना ने राष्ट्रीय स्तर पर चिंता पैदा कर दी है। विगत दिनों कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दी गई इस घटना में गांव के लगभग 265 परिवारों के मकान, दुकानें, फसलें, वाहन और दैनिक उपयोग की सामग्री जलकर खाक हो गई। उपद्रवियों ने घरों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी राशि भी लूट ली। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार बीते 12 दिनों से भीषण ठंड में छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन बिताने को मजबूर हैं। घटना एक ग्रामीण महिला के हत्या के बाद सामने आया। जब षडयंत्र के तहत हत्या में बंग समुदाय के एक युवक पर आरोप लगाते कुछ लोगो द्वारा उकसाया गया। जबकि बंग समुदाय स्वयं घटना में सीबीआई जांच की मांग कर रहा है।

7 और 8 दिसम्बर को दो दिनों तक मलकानगिरी जिले के अधनिस्थ ग्राम एमव्ही26 में विगत दिनों घटित भीषण आगजनी की घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस सुनियोजित उपद्रव में कुछ असामाजिक तत्वों ने गांव के लगभग 265 परिवारों के मकानों, दुकानों, फसलों, वाहनों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं को आग के हवाले कर दिया। आगजनी के दौरान घरों में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगदी राशि भी लूट लिए जाने की जानकारी सामने आई है। इस घटना से न केवल ओडिशा बल्कि देशभर का बंग समाज गहरे आघात में है।

घटना को लेकर निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति बस्तर संभाग ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। संभाग अध्यक्ष जीवानंद हलधर और सचिव श्याम घोष ने शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि आगजनी के बाद से पीड़ित परिवार भीषण ठंड में छोटे-छोटे बच्चों के साथ खुले आसमान के नीचे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। समिति ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने की मांग की है।

प्रेसवार्ता में यह भी आरोप लगाया गया कि घटना के एक दिन पूर्व ओडिशा के प्रमुख विपक्षी दल बीजेडी से जुड़े कुछ नेताओं की गांव में मौजूदगी और ग्रामीणों को कथित रूप से उकसाने के बाद इतनी बड़ी घटना का घटित होना गहरे षड्यंत्र की ओर इशारा करता है। पीड़ितों से चर्चा के आधार पर यह भी कहा गया कि उपद्रव के दौरान बम,पेट्रोल बम,तीर-धनुष और फरसा का उपयोग किया गया,हालांकि राहत की बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम में किसी की जान नहीं गई।

घटना को लेकर निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति बस्तर संभाग ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। समिति का कहना है कि यह केवल एक गांव पर हमला नहीं,बल्कि सामाजिक सौहार्द को तोड़ने का सुनियोजित प्रयास है। पदाधिकारियों ने आशंका जताई कि घटना के पीछे गहरा षड्यंत्र हो सकता है। पीड़ितों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आगजनी के दौरान पेट्रोल बम,बम, तीर-धनुष और फरसा का प्रयोग किया गया,हालांकि किसी जनहानि की सूचना नहीं है। समिति के पदाधिकारियो ने चेतावनी देते कहा घटना में उनके समाज के लोगों को न्यया नही मिला तो समूचे भारत के बंग समाज के लाखों लोग उग्र आंदोलन पर बाध्य होंगे।



**जांच, मुआवजा और कठोर कार्रवाई की मांग**

निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों ने ओडिशा के राज्यपाल के नाम मांगपत्र बस्तर कलेक्टर हरीश एस को सौंपते हुए घटना की अविलंब जांच, दोषियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई और प्रभावित परिवारों को शत-प्रतिशत मुआवजा देने की मांग की। समिति ने ओडिशा की भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री मोहन मांझी पर पीड़ितों को फौरी राहत न देने का आरोप लगाया। साथ ही ग्राम राखेलगुड़ा, तहसील मलकानगिरी,जिला मलकानगिरी में हुई महिला की निर्मम हत्या के मामले में भी दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग उठाई गई। समिति ने मानवीय संवेदनाओं को दृष्टिगत रखते हुए भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की अपील की।

# आर्सेलर मित्तल निप्पोंन बेनिफिसियेशन प्लांट की क्षमता विस्तार की जनसुनवाई 30 को

हरिभूमि न्यूज : किरंदुल



लौह नगरी किरंदुल में आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की एशिया की सबसे बड़ी स्लरी पाइपलाइन बेनिफिसियेशन प्लांट स्थापित है जिसमें रोजाना लाखों टर्न लौह चूर्ण का परिवहन किरंदुल से विशाखापटनम किया जाता है।

मेसर्स आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया प्राईवेट लिमिटेड ग्राम-किरंदुल,में स्थित बेनिफिसियेशन प्लांट, क्षमता विस्तार के तहत प्रस्तावित आयरन ओर बेनिफिसियेशन प्लांट क्षमता 8.0 मिलियन टन, वर्ष से 120 मिलियन टन, वर्ष, क्षेत्र -3 83 हेक्टेयर (98.43 एकड़) के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिये छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक सुनवाई हेतु आवेदन किया गया था उपरोक्त परियोजना की छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल में लोक सुनवाई लोक सुनवाई 30 दिसंबर को बीआईओपी सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में रखी गई है जिसमें प्रभावित गांव और शहर ग्राम पंचायत मदारी, चोलनार, समलवार, हिरोली, पाड़ापुर, बड़े बचेली, गुमियापाल, कोड़ेनार, कड़मपाल, मड़कामिरास, किरंदुल क्षेत्र के लिए जन सुनवाई रखी गई हैं । पर्यावरण संरक्षण जनसुनवाई के नियम मुख्य रूप से पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके तहत बने नियमों पर आधारित हैं, जिसका उद्देश्य जनता को पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रियाओं में शामिल करना है; इसमें हितधारकों स्थानीय लोग, पर्यावरण समूह को परियोजना प्रस्तावक से सीधे सवाल पूछने, अपनी चिंताएं व्यक्त करने और सुझाव देने का अधिकार होता है, जिसमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला प्रशासन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, ताकि पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

प्रस्तावित परियोजना के लिए पर्यावरणीय मंजूरी की प्रक्रिया शुरू होने पर, स्थानीय भाषाओं में समाचार पत्रों में जनसुनवाई की तारीख, समय और स्थान की सूचना दी जाती है पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट और अन्य संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराई जाती है।

परियोजना स्थल के निवासी, प्रभावित लोग, स्थानीय निकाय, पर्यावरण समूह और अन्य सभी इच्छुक व्यक्ति सुनवाई में भाग ले सकते हैं सभी उपस्थित लोगों को मौखिक या लिखित रूप में अपने सुझाव और आपत्तियां दर्ज कराने का अधिकार है।

# मेकाज के छात्रों ने किया रक्तदान, रक्त की कमी को दूर करने की नई पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

डिमरापाल स्थित मेडिकल कॉलेज के वर्ष 2024 बैच के छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर शहर की रक्त की कमी को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सुबह से लेकर शाम तक चले इस रक्तदान शिविर में छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य संभाग के सबसे बड़े अस्पताल में रक्त की निरंतर कमी को दूर करना है। विद्यार्थियों ने कहा कि संभाग के इस सबसे बड़े हॉस्पिटल में आए दिन रक्त को लेकर मरीजों को भटकते हुए देखा गया है, जिससे देखते हुए इस कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें एमबीबीएस की छात्राएं यानि बेटियों ने भी स्वैच्छिक रक्तदान किया। कृष अग्रवाल ने बताया कि यहां पर आए दिन सड़क हादसे में घायल होकर आने वाले लोगों को भी रक्त की काफी जरूरत होती है, ऐसे में अगर उनको समय पर रक्त मिल जाएगा तो उनकी जान आसानी से बचाया जा सकती है।



**लोगों को नई जिंदगी दी जा सके**

इंटर्न कान्हा सोनी ने कहा कि रक्तदान के लिए आए दिन लोगों को जागरूक किया जाता है, जिससे लोगों की जिंदगी को बचाया जा सके। इसी तारतम्य में छात्रों द्वारा पहल शुरू की गई है, जिससे जरूरतमंदों को समय पर रक्त मिल सके और उन्हें नई जिंदगी दी जा सके।

**रक्तदान से समाज की सुरक्षा**

मेकाज के अधीक्षक डॉ. अनुरूप साहू ने बताया कि रक्तदान करना चाहिए, जिससे किसी व्यक्ति की शल्यचिकित्सा के समय, प्रसव या चोट के कारण अधिक रक्तसाव से हुई खून की कमी की पूर्ति कर उसके जीवन को बचा सकता है। उन्होंने कहा कि कोई नहीं जानता कब, किसे और कहां रक्त की जरूरत पड़ जाए, अधिक से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान से समाज की सुरक्षा है।

# लाला जगदलपुरी की 106वीं जयंती पर साहित्यिक संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर रही साहित्य साधना
- आठ पुस्तकों का विमोचन, बस्तर केंद्रित साहित्य पर गहन विमर्श

विपरीत परिस्थितियों और सीमित संसाधनों के बावजूद लाला जगदलपुरी की साहित्य साधना निरंतर,सशक्त और प्रतिबद्ध रही। उनके लेखन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने साहित्य को केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि समाज और मनुष्य को समझने का औजार बनाया। किसी भी लेखक के लिए पढ़ने और लिखने की प्रक्रिया का कभी रुकना नहीं चाहिए।लाला जगदलपुरी का पूरा जीवन इसी विचार का सजीव उदाहरण है। उनकी रचनाओं से गुजरना केवल साहित्यिक अनुभव नहीं,बल्कि बस्तर और उसके समाज को भीतर से समझने की यात्रा है।

लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रंथालय में आयोजित 106वीं जयंती के अवसर पर हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने उनके साहित्यिक योगदान पर विस्तार से विचार रखे। कहा गया कि लाला जगदलपुरी ने साहित्य के माध्यम से मनोविज्ञान,समाज और संस्कृति को समझने का गंभीर प्रयास किया। उनकी रचनाएं केवल कथानक तक सीमित नहीं रहीं,बल्कि उन्होंने अपने समय, परिवेश और सामाजिक यथार्थ को गहराई से शब्दों में पिरोया। साहित्यकार वस्तुतः समाज विज्ञानी की भूमिका निभाता है और इस कसौटी पर लाला जगदलपुरी का लेखन पूरी तरह खरा उतरता है।

वक्ताओं ने यह भी कहा कि लाला जगदलपुरी का लेखन जीवनभर चलता रहा और सुविधाओं का अभाव कभी उनकी रचनात्मकता में बाधक नहीं बना। उनकी प्रकाशित ही नहीं, बल्कि अप्रकाशित रचनाएं भी अत्यंत मूल्यवान हैं। बस्तर पर केंद्रित उनका साहित्य आज शोधार्थियों के लिए संदर्भ सामग्री के रूप में उपयोगी है। उन्होंने आदिवासी संस्कृति को निकट से देखा, समझा और जिस संवेदनशीलता से उसे शब्दों में ढाला, वही उन्हें विशिष्ट बनाता है। वे कभी अपनी रचनाओं के प्रकाशन के लिए आग्रहशील नहीं रहे,बल्कि सादगी और आत्मिक संतोष के साथ साहित्य साधना करते रहे। संगोष्ठी के दौरान साहित्यिक गतिविधियों को और समृद्ध करते हुए आठ पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर साहित्य पाठ के माध्यम से लाला जगदलपुरी की रचनात्मक विरासत को स्मरण किया गया। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि कोई भी लेखक तभी कालजयी बनता है जब उसे परिवार और समाज का सहयोग मिले,और लाला जगदलपुरी के जीवन में यह सहयोग स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रो योगेंद्र मोतीवाला,डॉ सुषमा झा,सनत जैन, हिमांशु शेखर झा,गंगाधर धुर,विजय सिंह,अर्जुन श्रीवास्तव सहित अन्य वक्ताओं ने विचार रखे,जबकि विमोचित पुस्तकों में केशवलाल श्रीवास्तव की सात कृतियां और विनय श्रीवास्तव की 'काव्य पिटारा' शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा सरोज ने किया और अंत में पद्मश्री धर्मपाल सैनी,निगम स्पीकर खेम देवांगन,जिला शिक्षा अधिकारीबलीराम बघेल,अशोक पांडे पूर्णिमा देहारी,मनीषा देवांगन,शरद गौढ़,अजय पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।




**बस्तर के 'वेरियर एल्विन' के रूप में स्मरण**

संगोष्ठी में वक्ताओं ने लाला जगदलपुरी को बस्तर का 'वेरियर एल्विन' बताते हुए कहा कि उनका साहित्य आदिवासी जीवन, संस्कृति और सामाजिक संरचना को समझने की अमूल्य धरोहर है। उनकी रचनाएं आज भी शोध,अध्ययन और नई पीढ़ी के लेखकों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। जयंती के अवसर पर आयोजित यह संगोष्ठी उनके साहित्यिक अवदान को स्मरण करने के साथ-साथ बस्तर की सांस्कृतिक चेतना को पुनः रेखांकित करने का मंच बनी।

# विनोबा ऍप में बकावंड ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



शैक्षणिक गतिविधियों के आकलन व शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति की निगरानी हेतु विनोबा अप के माध्यम से प्रतिदिन प्रविष्टि की कार्रवाई जिले भर में की जा रही है। ऐप के माध्यम से शिक्षक गण अपनी शिक्षक गतिविधियों व स्कूल की गतिविधियों के छोटे-छोटे क्लिप बनाकर पोस्ट करते हैं जिससे अन्य स्कूलों के शिक्षक गण व बच्चे लाभ ले रहे हैं। ऐप निश्चित तौर पर शिक्षकों व छात्रों के मध्य प्रतिस्पर्धा की भावना को जन्म देने में कामयाब रहा है। विकासखंड बकावंड के शिक्षक विकास साव, बेनुधार जोशी, खगेंद्र पाढ़ी, होमवती चनाप द्वारा विनोबा अप के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र के गतिविधियों को साझा किया। जो कि माह अक्टूबर, नवम्बर में पोस्ट ऑफ़ द मंथ से नवाज़ा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर यादव व विकासखंड स्त्रोत समन्वय सोनसिंह भारती, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षकों को बधाई दी गई। वह सभी शिक्षकों को प्रेरणा लेने कि नसीहत दी। विनोबा ऍप में प्रतिदिन की प्रविष्टि में भी विकासखंड बकावंड के सभी संस्थाओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसके लिए जिला स्तर के उच्चाधिकारियों द्वारा बधाई दी।

## जिला सहकारी बैंक उपाध्यक्ष ने संगठन का माना आभार

# श्रीनिवास मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद नवनियुक्त उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर संगठन एवं शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

मुलाकात के दौरान किसानों से जुड़े मुद्दों पर सार्थक और सकारात्मक चर्चा हुई। सहकारी बैंक के माध्यम से किसानों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने,बैंकिंग सुविधाओं को और अधिक सुलभ व मजबूत बनाने तथा कृषि हितैषी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष रूप से विचार-विमर्श किया गया। उपाध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता किसानों के हितों की रक्षा करते हुए सहकारी बैंक को मजबूत बनाना रहेगा।



प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए अपेक्षा जताई कि सहकारी बैंक किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में और अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगा। उन्होंने संगठनात्मक समन्वय के साथ कार्य करने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, शशिभूषण रथ एवं नरेंद्र पाणिग्राही सहित अन्य उपस्थित रहे। सभी ने नई जिम्मेदारी के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं देते हुए किसानों के हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

# नानगुर और बड़ेमुरमा धान खरीदी केन्द्र में किसानों ने बताया मिल रही सभी सहूलियत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य शासन द्वारा धान खरीदी व्यवस्था को अधिक सुचारू और पारदर्शी बनाने के साथ ही सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। जिले के नानगुर और बड़ेमुरमा धान बेचने पहुंचे किसानों ने बताया कि इस बार खरीदी केंद्रों में बारदाने की उपलब्धता, समय पर तौल सहित अन्य व्यवस्थाओं में सुधार के कारण काफी सहूलियत मिल रही है। इन किसानों में से जगदलपुर ब्लॉक के अलनार निवासी कृषक सोनधर बघेल और नानगुर के कृषक राजाराम कश्यप ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर अब खेती-किसानी को बढ़ावा दे रहे हैं। खेत की मरम्मत सहित नलकूप स्थापना कर रबी में गेंहू और साग-सब्जी की खेती को प्रोत्साहन मिला है। रबी फसल लेने से अतिरिक्त आमदनी होने के फलस्वरूप घर-परिवार में खुशहाली आयी है।

जिले के जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत नानगुर धान खरीदी केन्द्र में अलनार निवासी किसान सोनधर बघेल ने कहा कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय कर खेती जमीन का मरम्मत मरम्मत करवाया, धान उत्पादन में बढ़ोत्तरी होगी। उन्होंने 68 क्विंटल धान विक्रय करने की बात कही। वहीं राजाराम कश्यप ने कहा कि अभी 90 क्विंटल धान बेचने के साथ ही दो लाख रुपए फसल ऋण लिंकिंग के तहत जमा करेंगे। वर्तमान में नलकूप की मदद से अभी दो एकड़ रकबे में गेहूं और साग-सब्जी की फसल लेने तैयारी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 40 आदिवासी युवा भ्रमण के लिए इंदौर रवाना



**कांकेर।** 17 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 40 प्रतिभागी इंदौर भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस दल में नारायणपुर जिले से 20 प्रतिभागी तथा कांकेर जिले से 20 प्रतिभागी शामिल हैं। यह दल 24 दिसंबर तक इंदौर में आयोजित होने वाले शिविर में भाग लेगा, जहाँ प्रतिभागियों को राष्ट्रीय संस्थानों का भ्रमण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान गतिविधियाँ, नेतृत्व विकास तथा व्यक्तित्व संवर्धन से जुड़े सत्रों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। पूरे दल के साथ आइटीबीपी एवं बीएसएफ के जवान रहेंगे, ताकि भ्रमण कार्यक्रम सुचारु और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हो सके। यह पहल आदिवासी युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता और राष्ट्रीय एकता की भावना को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### दो दिनी प्रतियोगिता का आयोजन 24 से

**कांकेर।** नव युवक समिति ग्राम जेपरा (भानुप्रतापपुर) के तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता सीजन 2 एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 24 एवं 25 दिसंबर को ग्राम जेपरा में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 दिसंबर को उद्घाटन कार्यक्रम के साथ होगा। प्रतियोगिता का समापन समारोह 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। नव युवक समिति के अध्यक्ष रविन्द्र कड़ियाम, उपाध्यक्ष हेमंत नरेटी एवं नीरा कड़ियाम के नेतृत्व में समिति के सदस्यों एवं संरक्षकों द्वारा आयोजन को सफल के लिए तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई हैं।

### कृषि स्थायी समिति की बैठक 23 को

**कांकेर।** जिला पंचायत के कृषि स्थायी समिति की बैठक तिथि में संशोधित करते हुए अब 23 दिसम्बर को दोपहर 02 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में सभी संबंधितों को उपस्थित होने के लिए कहा गया है।

## निवारण शिविर : 205 आवेदनों में 70 का मौके पर निपटारा किया गया

# भैंसगांव जसनि में ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य सेवा और समस्याओं का किया गया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के दूरस्थ एवं अंतिम छोर पर बसे ग्राम भैंसगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 205 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से 170 आवेदन विभिन्न प्रकार के मांग और 35 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे, शिविर स्थल पर 70 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर स्थल पर 87 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाकर चिकित्सा परामर्श दिए गए साथ ही निःशुल्क दवाइयां भी दी गई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप आम जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए जिले के कलेक्टर निलेश क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के दूरस्थ अंचल में स्थित अंतागढ़ विकासखण्ड के नारायणपुर जिले के नजदीक रावघाट पुलिस थाना के अंतर्गत ग्राम भैंसगांव में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी, जनपद अध्यक्ष मनोरमा मण्डावी, उपाध्यक्ष गुबलसिंह भुसाखरे एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियो की उपस्थिति में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आम जनता की समस्या व शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए गए। शिविर में शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई और इससे लाभ उठाने के लिए आग्रह किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जिले में जनसस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में प्राथमिकता के आधार पर जिले में दूरस्थ अंचलों में शिविर लगाए जा रहें है ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय तक आना न पड़े। आप शासन की योजनाओं से संबंधित अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को प्रस्तुत कर सकते हैं, जिनका नियमानुसार निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभ उठाने का अनुरोध भी ग्रामीणों से किया।

जनपद अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य एवं ग्राम पंचायत के सरपंच ने भी क्षेत्र की समस्याओं से जिला प्रशासन को अवगत कराते हुए उनके निराकरण के लिए आग्रह किया, जिनके नियमानुसार निराकरण का भरोसा जिला पंचायत सीईओ द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि जिन समस्याओं का निराकरण मौके पर हो सकता है, उन्हें तत्काल निराकृत किए जाएंगे एवं जिनमें प्रक्रियागत कारणों से समय लग सकता है, उनके लिए समय सीमा निर्धारित की जाएगी। शिविर स्थल में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जिसमें विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई एवं प्राप्त आवेदनों का विधिवत निराकरण की कार्यवाही की गई।

## आमाकड़ा संकुल में खेलकूद हुआ शुरू, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत शारीरिक, बौद्धिक एवं सांस्कृतिक संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ आमाकड़ा संकुल के आश्रित ग्राम कोटपारा में हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रतियोगिता के दौरान खेल मैदान में अनुशासन, उत्साह और खेल भावना का सुंदर संगम देखने को मिला।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि सभापति सुलोचना कोरेटी ने कहा कि खेलकूद से बच्चों का शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता में हार-जीत स्वाभाविक है, हारने वाले खिलाड़ियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि और अधिक मेहनत कर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिता को शांतिपूर्ण एवं नियमों के अनुसार संपन्न कराने की अपील करते हुए सभी छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों ने भी खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकुल के शिक्षकों, खेल प्रभारी एवं ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। संकुल स्तरीय इस खेलकूद



प्रतियोगिता में संकुल के अंतर्गत चार माध्यमिक शालाओं एवं प्राथमिक शालाओं के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, 80 मीटर दौड़, 100 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, ऊँची कूद, लंबी कूद एवं रस्सी कूद जैसी विभिन्न खेल विधाएं आयोजित की जा रही हैं। इस दौरान सरपंच चंद्रिका नेताम, बलराम टेपरिया, रामरतन नेताम, सोमदेव कोरेटी, भुनेश्वर नेताम , शुक्लाल नेताम, मनहोर नेताम, धर्मेंद्र नेताम, मुकेश, आत्माराम दुग्गा, इंद्रकुमार दुग्गा, चूरामन नेताम, अक्षय कुमार कोमरा, कैलाश नेताम, सुरेश, राजबाई, सुकबत्ती नेताम, लक्ष्मी नेताम सहित ग्रामवासी, शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# 15 दिनों से गोयदा गांव की बिजली बंद दो दिन में समाधान का मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम गोयदा में पिछले 15 दिनों से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार बिजली बंद रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, वहीं विद्यार्थियों की पढ़ाई, मोबाइल चार्जिंग, पेयजल आपूर्ति एवं दैनिक घरेलू कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

भाजपा शक्ति केंद्र सिवनी के सह संयोजक सुदेश तोपा सहित ग्राम गोयदा निवासी जागेश्वर, बालेश्वर, मदन कुमार, मनबोध पुडो, अरुण नरेटी, नरोत्तम, विदेश यादव एवं करण कुमार ने बताया कि गांव में स्थापित विद्युत पोल जर्जर अवस्था में हैं, जिसके चलते विद्युत लाइन में बार-बार अवरोध उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विद्युत आपूर्ति बाधित होने की सूचना छत्तीसगढ़ विद्युत



मंडल के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय दमकसा एवं भानुप्रतापपुर में कई बार दी जा चुकी है, इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से बिजली बंद रहने के कारण रात्रि के समय अंधेरा छाया रहता है, जिससे सुरक्षा की दृष्टि से भी भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने विभाग से शीघ्र विद्युत लाइन प्रारंभ करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे मजबूरन धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी विद्युत विभाग की होगी। इस संबंध में छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल दमकसा के कनिष्ठ यंत्री रजनी बारले ने बताया कि ग्राम गोयदा में विद्युत अवरोध की सूचना प्राप्त हो चुकी है। जर्जर पोल एवं लाइन सुधार का कार्य शीघ्र कराया जाएगा तथा एक से दो दिनों के भीतर विद्युत आपूर्ति पुनः प्रारंभ कर दी जाएगी। ग्रामीणों को अब विभागीय आश्वासन पर उम्मीद है कि जल्द ही उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होगा और गांव में फिर से रौशनी लौटेगी।

## खेल व सकारात्मक जीवनशैली से होगा उज्ज्वल भविष्य का निर्माण : आशाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने, उनकी प्रतिभाओं को निखारने एवं खेलों के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय युवा उत्सव खेल प्रतियोगिता का आयोजन नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के खेल मैदान में किया गया।

- जिला स्तरीय युवा खेल उत्सव एवं महिला खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



युवा उत्सव के अवसर आयोजित कार्यक्रम को कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में युवाओं को सकारात्मक दिशा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जा रहा है, जिससे बेहतर भविष्य का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग देश और प्रदेश की रीढ़ है। युवा स्वस्थ रहेंगे और नशामुक्त जीवन अपनाएंगे, तभी राज्य और राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में खेलों के माध्यम से युवाओं को जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने युवा उत्सव में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा महिलाओं को आगे बढ़ने और हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना के अनुरूप खेलो इंडिया, सांसद खेल प्रतियोगिता एवं अन्य खेल आयोजनों के माध्यम से युवाओं को खेलों की ओर प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए अलग-अलग जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। नगरपालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक एवं पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

जिला स्तरीय युवा उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोकनृत्य (दलीय), पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, करमा नृत्य (दलीय), लोकगीत (दलीय) सम्मिलित हैं। इसके अलावा कहानी लेखन, चित्रकला, वाद-विवाद, कविता लेखन, नवाचार-विज्ञान मेला, एकांकी, पारंपरिक वेशभूषा (विविध वेशभूषा), रॉकबैंड की भी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विजेता प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा उत्सव बिलासपुर में शामिल होंगे। इसी प्रकार जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मीटर, 400 मीटर दौड़, तवा फेंक, खो-खो, हॉकी, बैडमिंटन, व्हालीबॉल, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी का आयोजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका कांकेर के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, एसडीएम कांकेर अरुण वर्मा, जिला खेल अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित रहे।

## चवेला में संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर ब्लॉक के संबलपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत चवेला में 18 दिसंबर को परम पूज्य संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती मनाई गई। जिला पंचायत अध्यक्ष जैत खम पर महान संत, समाज सुधारक एवं सतनाम पंथ के प्रवर्तक गुरु घासीदास की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर गुरु घासीदास के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा उपस्थित समाजजनों को गुरु घासीदास के जयंती पर बधाई दी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा गुरु घासीदास द्वारा दिखाए गए सत्य के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया और साथ ही समाज से आव्हान किया कि जिस प्रकार बाबा गुरु घासीदास ने मानखें मानखे एक समान ने सत्य के मार्ग पर चलते हुए देश को एकता के सूत्र में बांधा, उसी प्रकार आज समाज को भी सत्य, सद्भाव और एकता के मार्ग पर चलते हुए राष्ट्र को मजबूत बनाने का कार्य करना चाहिए। बाबा जी का सात शिक्षा है, जिसमें सतनाम पर विश्वास रखना, हिंसा मत करना, सात्विक भोजन करना, अनैतिक कार्य ना करना, किसी भी प्रकार का नशा पान मत करना, उच्चनिच व भेदभाव के प्रपंच में मत पड़ना, स्त्री व बुजुर्गो का सदैव सम्मान करना, सत्य, अहिंसा, धर्य, लगन, करूणा व मेहनत कर जीवन में समानता, स्वतंत्रता व सरलता का व्यवहार कर सतनाम के राह पर चलते हुए मानव जीवन को सार्थक करे। इस अवसर पर गिरिजा देवी साहू, चवेला सरपंच जगजीत नागेश, अनीता रावटे, उप सरपंच सनातन हिंदू, समाज के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चोपड़ा, नरोत्तम सिंह चौहान, भीखम आर्दे, ललित गांधी, मेडी वरुण खापर्डे, उप सरपंच खेमिन बंजारे, समाज के वरिष्ठ नागरिक जगदीश टंडन, यादव समाज अध्यक्ष नारद यादव, नीरज बंजारे एवं समाज के वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## नेशनल हेराल्ड पर फर्जी केस, गांधी परिवार के खिलाफ साजिश: नितिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नेशनल हेराल्ड मामले में दिल्ली के राउज एवेन्यू न्यायालय ने ईडी की चार्ज शीट पर सुनवाई करने से मना कर दिए जाने के बाद यह सिद्ध हो गया कि भाजपा झूठे मुकदमे के जरिए गांधी परिवार को बदनाम करने की साजिश कर रही है। उक्त बातें जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष नितिनि पोटाई ने कही। कांग्रेस नेता एवं जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष ने कहा कि यह मामला बिना तथ्य के 2014 से चल रहा है। कोई साक्ष्य नही होने के बाद भी राहुल गांधी, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से कई घंटों तक पूछताछ की गई। नेशनल हेराल्ड का फर्जी मामला राजनीतिक बदले और द्वेष की भावना से किया गया है। यह अखबार 1938 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा शुरू किया गया था, जिसे भाजपा सरकार धनशोधन जैसी चीजों से जोड़कर बदनाम कर रही है। 16 दिसम्बर में अदालत के फैसले ने मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस पार्टी के नेताओं पर लगाए गए झूठे आरोप साजिश और बदले की भावना को पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। अब कांग्रेसी डरने वाले नहीं है, हम सड़कों पर उतरकर इस राजनीतिक प्रतिशोध को बेनकाब करेंगे। पिछले सात वर्षो से कांग्रेस पार्टी को ईडी द्वारा लगातार परेशान किया जा रहा है।



## इम्पलायबिलीटी स्किल पर प्रशिक्षण शुभांरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शासकीय पॉलीटेक्निक में स्वयंसेवी संगठन नान्दी फाउण्डेशन के तत्वाधान में छात्राओं के लिए इम्पलायबिलीटी स्किल पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया। उक्त कार्यक्रम में पॉलीटेक्निक की छात्राओं के साथ आईटीआई माकड़ी की छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक मधुरिका साहू द्वारा छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने के बाद कार्य क्षेत्रों में आने वाली व्यावहारिक कठिनाईयों के लिए तैयार किया जा रहा है। प्रशिक्षण में यह भी बताया जा रहा है कि उन्हें टीमवर्क के रूप में कैसे कार्य करना है।

इसके अलावा छात्राएं सॉफ्ट स्किल के अर्न्तगत प्रभावी संवाद स्थापित करने के बारे में भी प्रशिक्षण ले रही हैं। शासकीय पॉलीटेक्निक के प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तकनीकी शिक्षा प्राप्त छात्राओं के लिए विशेष उपयोगी है, जो उन्हें निकट भविष्य में रोजगार प्राप्त करने और कार्यक्षेत्र में आने वाली कठिनाईयों के लिए तैयार करेगा।

## छिन्दखड़क मार्ग के पुल निर्माण घपला उजागर

# पुल निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल, एक साल भी नहीं टिका एवं उखड़नें लगीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बंसपतर से छिन्दखड़क मार्ग पर बनाए गए पुल के निर्माण कार्य में भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस पुल का निर्माण हुए अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन पुल की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वह जगह-जगह से पूरी तरह उखड़ने लगा है। इससे न केवल निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है।



ग्राम पंचायत के उप सरपंच दिनेश नेताम सहित ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र अंदरूनी और जिला मुख्यालय से काफी दूर होने के कारण यहां विभागीय उपयंत्री या संबंधित अधिकारी निरीक्षण के लिए नहीं आते हैं। अधिकारियों की अनुपस्थिति का फायदा ठेकेदारों द्वारा उठाया जा रहा है और निर्माण कार्य मनमानी तरीके से किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके चलते नया पुल इतनी जल्दी खराब हो गया। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पुल के उखड़ने के बाद ठेकेदार द्वारा काला पेंट डाल दिया गया है वहां तेल और ग्रीस जैसी सामग्री को खुले में छोड़ दिया गया है, जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। बारिश के समय यह मार्ग फिसलन भरा हो जाता है और कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बावजूद इसके अब तक किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा नहीं लिया गया है।

इतना ही नहीं आगे छिन्दखड़क क्षेत्र में एक और पुल का निर्माण कार्य भी जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि वहां भी लगभग इसी तरह से काम किया जा रहा है। न तो निर्माण कार्य की नियमित निगरानी हो रही है और न ही गुणवत्ता की जांच। वर्तमान में भी वहां पुल निर्माण का काम चल रहा है, लेकिन ठेकेदार अपनी मनमर्जी से कार्य करा रहा है और नियमों की अनदेखी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले की जांच नहीं की गई, तो आने वाले समय में और भी बड़े नुकसान हो सकते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि पुल निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए, दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई हो और भविष्य में निर्माण कार्य की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और टिकाऊ सड़क एवं पुल सुविधा मिल सके।

## राज्य स्तरीय संगीतमय मानस सम्मेलन का 21 से 24 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

धर्म नगरी संबलपुर में धर्म जागृति सेवा समिति के तत्वाधान में 21 से 24 दिसबंर तक राज्य स्तरीय संगीतमय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रथम दिवस दोपहर भगवान श्रीराम की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी एवं संध्या पुरोहित पं. लाल बहादुर मिश्र द्वारा भगवान की पूजा व स्थापना की जाएगी। द्वितीय दिवस सोमवार से बुधवार तक छग राज्य की ख्याति प्राप्त इक्कीस मानस मंडलियाँ अपनी प्रस्तुति देंगी। 24 दिसबंर को समापन के अतिविशिष्ट अतिथि सांसद भोजराज नाग, विधायक सावित्री मंडावी, सदस्य जिला पंचायत झरना हेमंत ध्रुव, बिरेश ठाकुर प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, बसंत यादव अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी और स्थानीय जन प्रतिनिधि होंगे। 20वें वर्ष के इस आयोजन को सफल बनाने संस्थापक गणेश यदु, संयोजक अमृत संचेती, अध्यक्ष कृष्णा टेकाम, सहसंयोजक राकेश तिवारी, उपसंयोजक मोहन ठाकुर, रामदयाल यादव, कोषाध्यक्ष बलराम भोयर, उपाध्यक्ष गजानन ठाकुर, केशव यादव, सहसचिव कैलाश भुआर्य, रमेश सोनगेड़, तिलक देवांगन, केके वर्मा, मनीष यादव, गोपाल सेन, रवि ठाकुर, महेश मेरिया, रोशन धनकर, जित्तू ठाकुर, बिंदु शर्मा, मंजू मानिक, अनुराधा ठाकुर, विमल टेकाम आदि जुटे हुए है।